गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया

GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI 110066, INDIA

फोन/PHONE: +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX: +91 11 2618 2955
info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2020 30.03.2020

लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वाँ तल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुम्बई – 400051	लिस्टिंग विभाग बीएसई लिमिटेड तल 1, फ़िरोज़ जीजीभोय टॉवर्स दलाल स्ट्रीट मुम्बई – 400001

विषय: घोषणा: सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 का विनियम 30

प्रिय महोदय,

हम सूचित करना चाहते हैं कि विश्व भर में नोवेल कोरोनवायरस (कोविड-19) के प्रकोप के मद्देनजर, भारत सरकार, राज्य सरकार और नगरपालिका प्राधिकरणों ने विभिन्न परामर्श और निर्देश जारी किए हैं।

कोविड -19 के प्रसार के समक्ष गेल बुनियादी स्तर पर विभिन्न उपायों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयासों का समन्वय कर रहा है।

कोरोनावायरस के विरुद्ध भारत की लड़ाई में अपना समर्थन देने के लिए गेल द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए थे:

1. आवश्यक और आकस्मिक सेवाओं और जहाँ तक सम्भव है एलपीजी, पीएनजी, सीएनजी सहित प्राकृतिक गैस की निर्बाध आपूर्ति और प्राकृतिक गैस के प्रसंस्करण आदि के माध्यम से उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अल्प कार्मिकों के साथ संयंत्रों / कार्यालयों का संचालन को जारी रखना।
2. संभव सीमा तक कंपनी के अधिकारियों को घर से कार्य करने की सुविधा दी गई है और अल्प कार्मिकों के कार्यबल सहित संयंत्रों / कार्यालयों का संचालन किया जा रहा है।
3. परिवार के सदस्यों / रिश्तेदारों सहित कर्मचारियों को विदेशी यात्रा की सूचना को साझा करने के लिए कहा गया था।
4. अन्य कार्यकेंद्रों में गेल कर्मचारियों के आवा-गमन को प्रतिबंधित कर दिया गया है।
5. निगमित चिकित्सा विभाग नियमित आधार पर कोरोनोवायरस संक्रमण से बचने के लिए निवारक उपायों के बारे में अपडेट और जानकारी साझा करता है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया

GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI 110066, INDIA

फोन/PHONE : +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX : +91 11 2618 2955
info@gail.co.in

देश के व्यापक लॉकडाउन के कारण अप्रत्याशित घटना की स्थिति के चलते कंपनी अपनी परिचालन गतिविधियों को पूरी तरह से चलाने में सक्षम नहीं हो सकी, जैसा कि व्यवसाय के सामान्य क्रम में किया जाता है।

इस संबंध में कंपनी संबंधित सरकारी अधिकारियों द्वारा जारी किए गए निर्देशों का नियमित रूप से पालन कर रही है और नियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार ध्यानपूर्वक इस स्थिति की निगरानी और उचित कार्रवाई करेगी।

कृपया उपर्युक्त घटनाओं को नोट करें और इसे रिकॉर्ड में रखें। इस संबंध में हुए घटनाक्रमों पर हम स्टॉक एक्सचेंज को सूचित करते रहेंगे।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएँ एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 30 के अनुपालन में है।

नोट: कोविड 19 के प्रकोप के मध्य घर से कार्यरत रहना गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित बड़े पैमाने पर सूचीबद्ध संस्थाओं के बीच एक उत्तम विकल्प रहा है। अत: हम दिनांक 24.03.2020 को सूचीबद्ध कंपनियों को ई-मेल के माध्यम से संचारित 'एनईएपीएस पोर्टल पर प्रस्तत करने हेतु दिशानिर्देशों' के अंतर्गत आवश्यकतानुसार एसडी मोड के तहत उक्त प्रकटीकरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

धन्यवाद
भवदीय

हस्ता /-
(ए के झा)
कंपनी सचिव

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com